लोक सभा अध्यक्ष कोविड-19 की स्थिति के बारे में पीठासीन अधिकारियों के साथ आयोजित की जा रही वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता करेंगे

बैठक का विषय होगा – 'कोविड-19 की वर्तमान स्थिति तथा जनप्रतिनिधियों की भूमिका और दायित्व'

राज्य विधानमंडलों में संसदीय कार्य मंत्री, नेता प्रतिपक्ष तथा मुख्य सचेतक भी इस बैठक में शामिल होंगे

नई दिल्ली, 15 अप्रैल, 2021: 'कोविड-19 की वर्तमान स्थिति तथा जनप्रतिनिधियों की भूमिका और दायित्व' विषय के बारे में सोमवार, 19 अप्रैल 2021 को भारत के विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों और अन्य नेताओं की एक वर्चुअल बैठक आयोजित की जा रही है। माननीय लोक सभा अध्यक्ष तथा अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के अध्यक्ष, श्री ओम बिरला इस वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

राज्य विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारियों के अलावा राज्य विधानमंडलों के संसदीय कार्य मंत्री/ मुख्य सचेतक तथा नेता प्रतिपक्ष भी इस बैठक में शामिल होंगे।